WWW.SARKARIRESULT.COM

Sarkari Result नाम से मिलती–जुलती फर्जी Website से सावधान रहे हमेशा Type करे WWW.SARKARIRESULT.COM

UPPSC Civil Judge PCS J Recruitment 2018 Press Release

उ०प्र० लोक सेवा आयोग

उ०प्र० न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा-2018

विज्ञापन संख्या ए-3/ई-1/2018

संक्षिप्त विज्ञापन

1. इस परीक्षा का विस्तृत विज्ञापन केवल आयोग की वेबसाइट **http://uppsc.up.nic.in** पर दिनांक **11.09.2018** से देखा जा सकता है जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, प्रारम्भिक तथा लिखित परीक्षा के विषय एवं पाठ्यक्रम, साक्षात्कार के संबंध में सूचना, परीक्षा केन्द्रों के जिलों के नाम, जाति प्रमाण पत्रों का निर्धारित प्रोफार्मा तथा आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट के सम्बन्ध में निर्धारित महत्वपूर्ण निर्देश आदि उपलब्ध रहेंगे।
2. अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन देखने के पश्चात् एवं अर्ह होने की स्थिति में ही आवेदन करें।

---

1. **रिक्तियों का विवरण**–वर्तमान में रिक्तियों की संख्या 610 है। रिक्तियों की संख्या विशेष परिस्थितियों में शासन के अनुरोध पर घट-बढ़ सकती है।
2. **शैक्षिक अर्हता**–(क) आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक उ०प्र० में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या राज्यपाल द्वारा इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त भारत के किसी अन्य विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक उपाधि होना आवश्यक है, अथवा (ख) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के उपबन्धों के अधीन नामांकित कोई अधिवक्ता या इंग्लैण्ड या नॉर्दर्न आयरलैण्ड का कोई बैरिस्टर या स्कॉटलैण्ड में अधिवक्ताओं के संकाय का कोई सदस्य और न्यायालय या उसके अधीनस्थ न्यायालय में व्यवसाय करने का हकदार होना आवश्यक है। (ग) देवनागरी लिपि में हिन्दी का अच्छा ज्ञान आवश्यक है।
3. **आयु सीमा**–अभ्यर्थियों को 01 जुलाई 2019 को 22 वर्ष की आयु अवश्य पूरी करनी चाहिए और उन्हें 35 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए अर्थात् उनका जन्म 02 जुलाई, 1984 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 1997 के बाद का नहीं होना चाहिए। विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों को उच्च आयु सीमा में नियमानुसार छूट विस्तृत विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार अनुमन्य होगी।
4. ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि **11.09.2018**
5. ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि **08.10.2018**
6. ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि **11.10.2018**
7. प्रारम्भिक परीक्षा आयोजित किये जाने की संभावित तिथि **16.12.2018**

दिनांक: इलाहाबाद, 9 सितम्बर, 2018 **सचिव**

SARKARIRESULT.COM

SarkariResult.Com Free Mobile Apps

Download from Windows Store

Available on the App Store

GET IT ON Google play

twitter facebook